लखनऊ ने खेलो इंडिया महिला जूडो लीग में प्राप्त किया पहला स्थान

चर्चा में क्यों?

23 अक्तूबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ ने खेलो इंडिया महिला जूडो लीग में 12 स्वर्ण, 5 रजत एवं 22 कांस्य पदक जीतते हुए पहला स्थान प्राप्त किया।

प्रमुख बिंदु

- इंडियन पैरा जूडो एकेडमी, हलवासिया कोर्ट, हज़रतगंज में सब जूनियर, कैडेट, जूनियर एवं सीनियर वर्गों में खेली गई लीग में बाराबंकी 9 स्वर्ण, 11 रजत एवं 9 कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा।
- लीग में सब जूनियर में बाल सदन की टीका बली, एमडी क्लब की निस्थिा आदि ने स्वर्ण पदक जीते।
- इस लीग में लखनऊ के अतिरिक्त हरदोई, बाराबंकी एवं लखीमपुर खीरी आदि ज़िलों की लगभग 100 से अधिक बालिकाओं ने हिस्सा लिया।
- समापन समारोह में अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा और गैर-पारंपरिक ऊर्जा महेश कुमार गुप्ता ने पुरस्कार वितरित किये।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/lucknow-got-first-place-in-khelo-india-women-s-judo-league